मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 210 | सोमवार, 11 नवंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# गंगोत्री को म्हारल, वरप व कांबा गांव से मिल रहा भारी समर्थन





## ■ अपक्ष प्रत्याशी भारत गंगोत्री के चुनाव प्रचार में भारी भीड़

**उल्हासनगर।** राकांपा नेता व अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री जो अपक्ष के रूप में उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं उनका शहर में प्रचार जोर पकड़ रहा है। म्हारल, वरप व कांबा गांव जो हमेशा से ही समस्याओं से जूझ रहा है वहां से गंगोत्री को भारी समर्थन मिल रहा है। गंगोत्री द्वारा चलाए जा रहे चेहरे बदलो शहर बदलेगा की मुहिम को भी लोग सराह रहे हैं।

म्हारल, वरप व कांबा में प्रचार के दौरान महिलाओं का खासकर समर्थन मिल रहा है जो आए दिन यहां की समस्या से त्रस्त हैं। उन्हें परिवर्तन की आशा है। उल्हासनगर-3 सी ब्लॉक परिसर में भी गंगोत्री की प्रचार सभा में स्थानीय लोग सहभागी हो रहे हैं।

# 13 नवंबर को होगी योगी की उल्हासनगर में हुंकार





- ■ एंटीलिया ग्राउंड में लेंगे महा जनसभा
- ■ महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी की प्रचार सभा में होंगे दिग्गज शामिल
- ■ बटोगे तो कटोगे का नारा उल्हासनगर में भी गूंजेगा

**उल्हासनगर।** आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार धीरे-धीरे धुआंधार होते जा रहा है। भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उल्हासनगर में हुंकारने आ रहे हैं। यह सभा बुधवार 13 नवंबर को सुबह 11 बजे एंटीलिया ग्राउंड में आयोजित की गई है। महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी की प्रचार सभा में यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने हर चुनाव प्रचार में महायुति के घटक दलों से और अपने पक्ष के नेताओं और कार्यकर्ताओं को हमेशा से ही चेता रहे हैं कि अगर बटोगे तो कटोगे क्योंकि बटोगे तो कमजोर हो जाओगे और मजबूत देश और विकासशील शहर नहीं बना पाऊंगे। इसलिए एकजुट में बड़ी ताकत है। इसी संदेश के साथ उल्हासनगर में भी योगी शहर की जनता को हुंकारने आ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी का इन दिनों उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में जोरदार प्रचार चल रहा है। भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने भी शहर में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर आयलानी को जीताने की अपील की है। सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा भी पिछले दिनों व्यापारियों से मिलकर महायुति के प्रत्याशी आयलानी को भारी वोटों से जीताने की अपील की है। कल राधास्वामी सत्संग परिसर में भी आयलानी की भव्य रैली निकली।

# कालानी का पानी व्यवस्था में सुधार का वादा





## ■ बेटे ओमी कालानी के प्रचार जुटे पप्पू कालानी

**उल्हासनगर।** शहर को नेता नहीं बेटा देंगे इस नारे के साथ पप्पू कालानी इन दिनों अपने बेटे महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार ओमी कालानी के चुनाव प्रचार में लगातार जुटे हुए हैं। उल्हासनगर शहर विकास के लिए जो ओमी कालानी ने घोषणा पत्र के जरिए मुद्दे उठाए हैं उसमें सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा पानी वितरण व्यवस्था का है। शहर को पानी तो भरपूर मिलता है लेकिन उसकी व्यवस्था न होने के कारण शहरवासियों खासकर महिलाओं को भारी परेशानी होती है इस समस्या का हल ओमी कालानी ने अपने घोषणा पत्र में दर्शाया है कि चुनाव जीतने के बाद हम सबसे पहले पानी वितरण व्यवस्था का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रखेंगे ताकि हर शहरवासी को समय पर पानी मिल सके। इन दिनों शहर में बिना कोई तय समय से पानी छोड़ा जाता है जिसमें रात के 12 के बाद या तड़के सुबह भी छोड़ा जाता है। इसमें सुधार का वादा कालानी ने किया है और यह भी कहा है कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि पानी के दौरान बिजली आपूर्ति खंडित न हो। महिलाओं ने इस मुद्दे पर ओमी कालानी की सराहना की है।

### ■ कालानी महल पहुंची सुप्रिया सुले

राकांपा नेता सुप्रिया की भव्य महिला स्वाभिमान जनसभा में राकांपा उम्मीदवार ओमी कालानी को वोट देने की अपील के बाद वो लोकनेता पप्पू कालानी से मिलने कालानी महल पहुंची। वहां आए हुए लोगों से भी रुबरु हुई। उनके द्वारा महिलाओं को 3 हजार हर महिने दिए जाने की घोषणा के बाद महिलाओं में उत्साह है।

# प्रचार सभा में सुलभा गायकवाड़ हुई भावुक

- ■ दुख - संघर्ष के बीच जनता के हित में जुटीं सुलभा
- ■ महायुति की बैठक में छलके आंसू
- ■ सांसद शिंदे ने की भारी मतों से जीतने की अपील
- ■ गणपत गायकवाड़ को याद करते लोग



**कल्याण.** कल्याण के कशिश होटल में शनिवार को सांसद श्रीकांत शिंदे की अध्यक्षता में महायुति की उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ के समर्थन में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), एनसीपी अजित पवार गुट,आरपीआई आठवले गुट सहित महायुति के सभी घटक दलों के सदस्य उपस्थित थे। सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि सभी को आपसी मतभेद भुलाकर सुलभा गायकवाड़ की जीत के लिए एकजुट होना है। बैठक के दौरान सैकड़ों लोग उपस्थित थे, जब सुलभा गायकवाड़ के जीवन की कठिनाइयों का जिक्र हुआ तो माहौल भावुक हो गया। कहा गया कि सुलभा गायकवाड़, जो कभी परिवार के साथ हर त्योहार घर में मनाती थीं, आज अपने पति के कथित आरोपों के कारण जेल में होने और बेटे की दूरियों के बावजूद जनता के बीच में सक्रिय हैं। इस दर्दनाक परिस्थिति में भी सुलभा गायकवाड़ अपने दुख को भुलाकर लोगों की समस्याएं सुनने और उनके हित में काम करने की कोशिश कर रही हैं। उनकी इस हिम्मत और संघर्ष को देखकर हॉल में बैठी महिलाओं की आंखें नम हो गईं, मानो हर कोई उनके साथ जुड़ गया हो।

## अंबरनाथ में किणीकर की विशाल रैली



**अंबरनाथ.** रविवार को अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना -भाजपा महायुति के उम्मीदवार डॉ बालाजी किणीकर के प्रचार में एक विशाल रैली निकाली गई. स्थानीय बुवापाडा के गायत्री नाके से रैली शुरू हुई. महायुति के प्रचार रथ पर शहर प्रमुख अरविंद वालेकर, विधायक डॉ बालाजी किणीकर के अलावा भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी गुलाबराव करंजुले, पूर्व नपा अध्यक्ष सुनील चौधरी, शिवसेना उत्तर भारतीय विभाग के शहर अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे, रवि करंजुले, भाजपा के अभिजीत करंजुले, नासिर कुंजाली, इजहार काजी के अलावा बड़ी संख्या में शिवसेना, भाजपा, राकां व आरपीआई (आठवले) के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# अंबरनाथ में महाविकास आघाड़ी में बिघाड़ी

- ■ कांग्रेसियों ने उम्मीदवार राजेश वानखेडे का प्रचार रोका
- ■ कृष्णा पाटिल ने वानखेडे को दी वार्निंग

▶▶ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा महाविकास आघाड़ी, शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार राजेश वानखेडे को जब से उम्मीदवारी मिली है, तब से उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से स्वतः भेंट करके बातचीत नहीं की है. वह कांग्रेस को महत्व नहीं दे रहे हैं. इसलिए कांग्रेस शहर अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उनके प्रचार आदि का कार्य रोक दिया है. यहां पर कांग्रेसी उनसे काफी नाराज हैं. वानखेडे ने अगर हमसे भेंट करके बातचीत नहीं की तो हम उनका कार्य नहीं करेंगे. ऐसी कड़क प्रतिक्रिया शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने पत्रकार वार्तालाप में कहा है. पाटिल ने कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन करके इस बारे में चर्चा भी की. उपस्थित पदाधिकारियों ने खल कर कहा कि अगर उम्मीदवार को ही हमारी जरूरत नहीं है और वह हमकों कांग्रेस पक्ष को कोई महत्व नहीं दे रहे हैं. इसलिए वह सब वानखेड़ का काम नहीं करेंगे. शनिवार को उल्हासनगर में उबाठा नेता सुषमा अंधारे की सभा के लिए अंबरनाथ से किसी भी कांग्रेसियों ने उनकी सभा में भाग नहीं लिया. अगर 12 घंटे के भीतर वानखेडे ने अंबरनाथ कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल से मुलाकात करके उनसे समर्थन नहीं मांगा तो इस चुनाव में वानखेडे का प्रचार कार्य कोई भी कार्यकर्ता नहीं करेगा. ऐसा कृष्णा पाटिल ने वानखेडे को वार्निंग दी है. इससे पता चलता है कि वानखेडे से कांग्रेस काफी खफा हैं, जिसका नुकसान विधानसभा चुनाव में वानखेडे को होगा.

# पुलिस की ड्रोन पेट्रोलिंग से नजर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस स्टेशन ने विधानसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नवीनतम तकनीक की मदद से शहर की सुरक्षा बढ़ा दी है। ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के आदेश पर और पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में, उल्हासनगर के बिड़ला गेट, शहाड जकात नाका और शहाड ब्रिज इलाकों में ड्रोन गश्त के साथ नाकाबंदी निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु तम्हाने के मार्गदर्शन में, यातायात निरीक्षक अविनाश भामरे और एसएसटी टीम के साथी अधिकारियों की उपस्थिति में शाम 5 से 6 बजे तक चलाया गया।

पुलिस के मुताबिक, इस विशेष ऑपरेशन में इलाके में सभी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया. ड्रोन की मदद से वाहनों और ड्राइवरों की गतिविधियों पर नज़र रखना और उनके द्वारा किसी भी अवैध गतिविधि को तुरंत नोटिस करना संभव हो गया है। लंबी दूरी से भी, ड्रोन पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नज़र रखने की अनुमति देते हैं। वाहनों में छिपाई गई अवैध शराब, अवैध नकदी और अन्य अवैध वस्तुओं का पता लगाने में ड्रोन कैमरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

> ड्रोन तकनीक ने हमें अधिक सटीक और तेज़ बना दिया है। इससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जिससे चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बरकरार रहे.
>
> -विष्णु ताम्हने
> (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक)

बिड़ला गेट, शहाड जकात नाका और शहद ब्रिज इलाके में नाकाबंदी के दौरान एसएसटी टीम ने वाहनों की गहनता से जांच की. अवैध वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए ड्रोन गश्त के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके अलावा, क्या मोटर चालकों द्वारा कोई अवैध उपयोग किया जाता है? इस पर निगरानी रखी गई. इससे चुनाव में अवैध शराब, नकदी और अन्य अवैध वस्तुओं के इस्तेमाल पर रोक लगेगी।

# 85 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों ने घर से दिया वोट



**उल्हासनगर.** विधानसभा सार्वत्रिक चुनाव 2024 के अंतर्गत उपविभागीय अधिकारी तथा निर्वाचन निर्णय अधिकारी कार्यालय में मशीन्स के द्वितीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण EVM और VVAPT मशीन्स के लिए आयोजित किया गया, जिसमें सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और किसी भी मतदाता को मतदान से वंचित न रहने देने के लिए, 85 वर्ष से ऊपर के जेष्ठ मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

आज दिव्यांग मतदाताओं और 85+ वर्ष के मतदाताओं के लिए गृहमतदान प्रक्रिया शुरू की गई। कुल 34 मतदाताओं में से 31 ने मतदान किया, जिसमें 7 दिव्यांग मतदाता और 24 जेष्ठ मतदाता शामिल थे।

इस प्रशिक्षण का संचालन विजयानंद शर्मा, निर्वाचन निर्णय अधिकारी तथा उपविभागीय अधिकारी, कल्याणी कदम, सहायक निर्वाचन निर्णय अधिकारी तथा तहसिलदार, और अमित बनसोडे, नायब तहसिलदार द्वारा किया गया। यह कदम सुनिश्चित करता है कि सभी मतदाता, विशेषकर वृद्ध और दिव्यांग, सहजता से मतदान कर सके।

# ठाणे जिले में 72 लाख 29 हजार 339 मतदाता

**ठाणे.** विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान प्रक्रिया 20 नवंबर 2024 को होगी. इसलिए मतगणना की प्रक्रिया 23 नवंबर 2024 को की जाएगी. ठाणे जिले में 134-भिवंडी ग्रामीण (अज), 135-शाहपुर (अज), 136-भिवंडी पश्चिम, 137-भिवंडी पूर्व, 138-कल्याण पश्चिम, 139-मुरबाड, 140-अंबरनाथ (एडी), 141-उल्हासनगर, 142 -कल्याण पूर्व, 143-डोंबिवली, 144-कल्याण ग्रामीण, 145-मीरा भयंदर, 146-ओवला माजीवाड़ा, 147-कोपारी पचपखाड़ी, 148-ठाणे, 149-मुंब्रा कलवा, 150-ऐरोली, 151-बेलापुर कुल 18 विधानसभा क्षेत्र हैं.

**निर्वाचन क्षेत्र के कुल मतदाताः-**

29 अक्टूबर 2024 तक ठाणे जिले में कुल 72 लाख 29 हजार 339 मतदाता हैं. इसमें पुरुष मतदाताः 38 लाख 45 हजार 42, महिला मतदाताः 33 लाख 82 हजार 882, अन्य/तृतीय पक्ष के मतदाताः 1 हजार 415 शामिल हैं. इसके अलावा इसमें सैन्य मतदाता : 1 हजार 603, एनआरआई मतदाता : 979, दिव्यांग 38 हजार 149, 18-19 आयु वर्ग के 1 लाख 72 हजार 981 मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 56 हजार 976 मतदाता शामिल हैं. .

जिला निर्वाचन प्रशासन ने अपील की है कि 20 नवंबर, 2024 को अधिक से अधिक पात्र मतदाता विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान करें।

# 'आप चाहें या न चाहें, महायुति धर्म का पालन करें'

- ■ सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने शिवसैनिकों से कहा - भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करें



**कल्याण.** कल्याण पूर्व विधानसभा के शिवसेना पदाधिकारी महेश गायकवाड़ पर फायरिंग के आरोप में जेल में बंद बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ के प्रचार के लिए आयोजित रैली में शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे शामिल हुए. रैली में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद शिंदे ने कहा कि आपको पसंद हो या न हो, लेकिन महायुति के धर्म का पालन करें और सुलभा गायकवाड़ का प्रचार करें. उन्होंने प्रचार कर सभा में मौजूद शिवसैनिकों से अपील की कि कोई हम पर शक न करे और कल्याण पूर्व महायुति सीट से भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताएं.

कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के रिश्ते हमेशा से ही विरोधाभासी रहे हैं। वे अक्सर सार्वजनिक बैठकों में या विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन पर एक-दूसरे की खुलेआम आलोचना करते रहे हैं। कुछ महीने पहले शिवसेना (एकनाथ शिंदे) पदाधिकारी और कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. शिंदे के कट्टर समर्थक कहे जाने वाले महेश गायकवाड़ को गणपत गायकवाड़ ने थाने में गोली मार दी थी. इसी फायरिंग मामले में गणपत गायकवाड़ पिछले कुछ महीनों से जेल में हैं.

### सांसद डॉ. शिंदे ने क्या कहा...?

पार्टी का आदेश ही अंतिम आदेश होता है. हम सभी को इस महागठबंधन की सीट को चुनना है. सभी को, खासकर शिवसैनिकों को इसके लिए काम करना चाहिए।' पिछले कुछ दिनों में जो कुछ हुआ है उसे एक तरफ रख दें। किसी भी अफवाह का शिकार न बनें। आपको महागठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का पार्टी का जनादेश मिला है। आप चाहें या न चाहें, महायुति धर्म का पालन करें और सुलभा गायकवाड़ को भारी मतों से जिताएं। सभी को काम करना चाहिए ताकि किसी को भी इस बारे में कोई संदेह न हो.' यह बयान सांसद डॉ. शिंदे ने इसी बैठक में दिया.

# अंबरनाथ पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल वापस कांग्रेस में?

- ■ प्रदीप को 6 वर्ष के लिए पक्ष से निलंबित किया गया है, उनकी वापस असंभव : कृष्णा पाटिल

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** उल्हासनगर में वानखेड़े की प्रचार सभा में शिवसेना उबाठा की नेता सुषमा अंधारे को महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार राजेश वानखेडे ने कान मंत्र दिया कि अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप पाटिल को कांग्रेस में वापस प्रवेश कर लिया है. अंधारे द्वारा हजारों के समक्ष ये घोषणा किए जाने के बाद प्रदीप पाटिल ने कहा कि वह वापस कांग्रेस पक्ष में आ गए हैं. अब वह वानखेडे का प्रचार करने में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे. इसके उत्तर में अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने एक पत्रकार वार्तालाप का आयोजन कर इस बात का खंडन किया कि प्रदीप पाटिल को वापस कांग्रेस में नहीं लिया गया है. लोकसभा चुनाव में वह शिवसेना शिंदे गट में चले गए थे. इसलिए उन्हें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले ने 6 साल के लिए निलंबित किया था. उनका निलंबन कायम है. प्रदेशाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष ही उन्हें कांग्रेस में ले सकते हैं. ऐसा पत्र भी उनके पास नहीं है.

कृष्णा पाटिल ने शहरवासियों एवं कांग्रेसियों से अपील की है कि ये केवल अफवाह है और अफवाहों पर ध्यान ना दें. उनको एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने राय दी है कि वह वानखेडे को एक पत्र देकर खुलासा करने के लिए कहें कि उन्होंने सभा में ऐसी गलत घोषणा क्यों की? अंबरनाथ में ये विवाद अब बढ़ गया है. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वानखेडे का प्रचार बंद कर दिया है. इस संबंध में अभी तक प्रदीप पाटिल ने पत्रकार परिषद नहीं ली है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

संपादकीय

## राज्यों के साथ मिलकर बनानी होगी व्यवस्था

केंद्र सरकार ने शहरों की सूरत संवारने के लिए पांच कार्य समूहों का जो गठन किया है, उनकी सफलता को लेकर संदेह होना स्वाभाविक है। संदेह का बड़ा कारण यह है कि अभी तक शहरी ढांचे को सुधारने के लिए जो भी प्रयत्न किए गए, वे सफल नहीं हो सके हैं। यदि केंद्र सरकार यह चाह रही है कि शहरों की सूरत वास्तव में सुधरे तो उसे राज्यों के साथ मिलकर ऐसी कोई व्यवस्था बनानी होगी, जिससे शहरी ढांचे को सुधारने के लिए जिम्मेदार विभिन्न विभागों में समन्वय कायम हो सके और उन्हें जवाबदेह भी बनाया जा सके। फिलहाल ऐसा नहीं है और इसीलिए देश के छोटे-बड़े शहर अनियोजित विकास का पर्याय बने हुए हैं। यह एक तथ्य है कि जैसे-जैसे शहरों में आबादी बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे वे समस्याओं से घिरते चले जा रहे हैं। देश के अधिकांश शहर गंदगी, प्रदूषण, अव्यवस्थित यातायात से घिरते जा रहे हैं। उनमें कई तरह के विकास कार्य होते तो रहते हैं, लेकिन बेतरतीब तरीके से। शायद ही किसी शहर में कोई विकास योजना यह ध्यान में रखकर क्रियान्वित की जाती हो कि वह दशकों बाद तक भी उपयोगी बनी रहे। अधिकांश योजनाएं समस्याओं के तात्कालिक समाधान के लिए होती हैं। हमारे शहरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ट्रैफिक, सीवर, पेयजल, सड़क निर्माण, यातायात आदि की जिम्मेदारी अलग-अलग विभाग संभालते हैं। इन विभागों में तालमेल मुश्किल से ही देखने को मिलता है। कई बार तो एक विभाग को दूसरे विभाग की योजनाओं की जानकारी ही नहीं होती है। यदि होती भी है तो उनमें सहयोग कायम नहीं हो पाता। ऐसे में पहली जरूरत इसकी है कि वे मिलकर कार्य करें। यह तब तक संभव नहीं, जब तक उनका कामकाज देखने वाला कोई एक विभाग जवाबदेह नहीं बनाया जाता। ऐसा कोई सक्षम अधिकारी होना ही चाहिए, जो विभिन्न विभागों का नेतृत्व कर सके और उनसे अपने मन मुताबिक काम करा सके। यह ठीक है कि केंद्र सरकार शहरी विकास को दिशा देने के लिए जिन पांच कार्य समूहों का गठन करने जा रही है, उन्हें आवश्यक राजनीतिक एवं प्रशासनिक सुधारों को रेखांकित करने की भी जिम्मेदारी दी गई है। ये कार्य समूह सरकारी विभागों और सरकार नियंत्रित निगमों की भूमिका को परिभाषित करने के साथ ऐसे उपाय भी सुझाएंगे, जिनसे पार्षदों से लेकर मेयरों तक के कामकाज की समीक्षा की जा सके।

# अमेरिका में ट्रंप के आने का असर, होंगे व्यापक बदलाव


अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर पूरी दुनिया में उत्सुकता रहती है। यह इसलिए रहती है, क्योंकि अमेरिका पूरे विश्व को प्रभावित करने वाला देश है। इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव इसलिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना, क्योंकि पिछली बार राष्ट्रपति का चुनाव हार चुके पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से चुनाव मैदान में थे और उनके सामने भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस थीं। वह करीब छह महीने पहले राष्ट्रपति की उम्मीदवार इसलिए बनीं, क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडन को बढ़ती उम्र के कारण चुनाव लड़ने से पीछे हटना पड़ा। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के चुनाव हार जाने से अमेरिका एक बार फिर उनके रूप में पहली महिला राष्ट्रपति से वंचित हो गया। आठ वर्ष पहले उनकी तरह हिलेरी क्लिंटन को भी हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें भी ट्रंप ने ही हराया था।

ट्रंप अपने बड़बोलेपन के कारण विवादित नेता हैं। उन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ा था और एक कालगर्ल को पैसे देकर चुप कराने के मामले में सजा का भी सामना करना पड़ा। उनके खिलाफ कुछ और भी मामले चल रहे हैं। इस सबके बाद भी वह चुनाव जीत गए। चुनाव प्रचार के दौरान उन पर हमले भी हुए। एक बार तो वह तब बाल-बाल बचे, जब उन पर चलाई गई गोली उनके कान को छूकर निकल गई। ट्रंप के चुनाव जीतने का एक कारण यह रहा कि उनके मुकाबले कमला हैरिस कमजोर प्रत्याशी साबित हुईं। उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से प्रत्याशी घोषित किए जाने में देरी हुई। राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन का कामकाज भी उन पर भारी पड़ा। बाइडन में वह




ओज और ऊर्जा नहीं दिखी, जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जाने जाते रहे हैं। वह समय पर ठोस फैसले नहीं ले सके-न तो घरेलू मामलों में और न ही बाहरी मामलों में। वह न तो रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध में हस्तक्षेप कर उसे रोक सके और न ही इजरायल और हमास के संघर्ष को रोक सके। अमेरिकी जनता को यह पसंद नहीं आया कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार देकर एक तरह से युद्ध में परोक्ष रूप से भागीदारी करे। बाइडन ने यूक्रेन को हथियार भी दिए तो बस इतने कि वह किसी तरह रूस का मुकाबला करता रह सके। अमेरिकी जनता इससे भी नाखुश थी कि इजरायल उनके राष्ट्रपति की बात सुनने को तैयार नहीं।

कमला हैरिस के राष्ट्रपति न बनने के पीछे औसत अमेरिकी लोगों का यह सोच भी दिखता है कि महिलाएं बेहतर राष्ट्रपति नहीं साबित हो सकतीं। यह अचरज का विषय है कि अमेरिकी समाज अभी भी पुरुषप्रधान मानसिकता से ग्रस्त दिखता है। कमला हैरिस की पराजय का एक कारण यह भी दिखता है कि जहां ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन पार्टी अवैध अप्रवासियों को अमेरिका के लिए खतरा बता रही थी, वहीं डेमोक्रेट नेता उनके प्रति उदारता दिखा रहे थे। विश्व का शायद ही कोई देश हो, जहां के लोग अमेरिका जाकर बसने के लिए इच्छुक न रहते हों। सबसे अधिक अवैध अप्रवासी मेक्सिको के रास्ते अमेरिका पहुंचते हैं। जब ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तब उन्होंने मेक्सिको सीमा पर एक दीवार तक खड़ी करने की पहल की थी। बाइडन ने राष्ट्रपति बनते ही अवैध रूप से अमेरिका आने वालों को खतरा मानने से इन्कार कर दिया। इसके नतीजे में पिछले चार वर्षों में लाखों लोग अवैध रूप से अमेरिका आ गए। लगता है अमेरिकी जनता और यहां तक कि दूसरे देशों से वैध रूप से आए लोगों को भी यह नहीं भाया। इसका प्रमाण यह है कि लैटिन अमेरिकी देशों के उन लोगों ने भी ट्रंप के पक्ष में मतदान किया, जो वैध रूप से अमेरिका आए और यहां के नागरिक बने। इसके अतिरिक्त अश्वेतों ने भी ट्रंप को वोट दिया। दक्षिणपंथी श्वेत तो उनके समर्थक पहले से ही थे। कमला हैरिस को इसका भी नुकसान उठाना पड़ा कि बाइडन के कार्यकाल में अमेरिकी अर्थव्यवस्था शिथिल पड़ गई थी। लोग बढ़ती महंगाई से त्रस्त थे। अमेरिकी नागरिक अपनी अर्थव्यवस्था को लेकर बेहद सचेत रहते हैं। जो भी राष्ट्रपति अर्थव्यवस्था संभालने में नाकाम रहता है, उसे जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ता है। यदि कमला हैरिस राष्ट्रपति बनतीं तो इससे भारतीयों को वैसी ही खुशी होती, जैसी ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने से हुई थी। उनके राष्ट्रपति बनने से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को भी गर्व की अनुभूति होती, लेकिन लगता है कि उन्हें सभी अमेरिकी-भारतीयों का समर्थन नहीं मिल सका।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु
हमारे सच्चे साथी हैं।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# महंगाई के जाल में फंसी थाली

अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की खबरें सबको अच्छी लगती हैं, लेकिन अगर इस चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने के सामान में भी कटौती करनी पड़े, तब यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है! अन्य जरूरी सामान के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की चढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इस बीच पिछले कई महीनों से सब्जियों के दाम लगातार इस स्तर पर बने हुए हैं कि लोगों की थाली से सब्जियां भी गायब रहने लगी हैं। मुश्किल सिर्फ सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और अनाजों की खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ जाता है।

गौरतलब है कि बुधवार को जारी एक एजंसी की ताजा रपट के मुताबिक शाकाहारी थाली की कीमत में एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में बीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो गई है। दरअसल, कम आय वर्ग के लोगों के लिए पिछले कई महीनों से खाने-पीने का सामान सहजता से खरीदना मुश्किल ही था। मगर अब स्थिति यह हो गई है कि ऐसे लोग अक्सर दिख जाते हैं, जो बाजार में सब्जियों की कीमतें पूछते हैं और बिना खरीदे मायूस मन के साथ आगे बढ़ जाते हैं। रपट के मुताबिक, अक्तूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर छियालीस फीसद बढ़ीं, जबकि आलू के दाम में इक्यावन फीसद का इजाफा हुआ। इसी तरह, टमाटर के भाव उनतीस रुपए प्रति किलोग्राम से आगे बढ़ते हुए एक वर्ष पहले की समान अवधि के मुकाबले चौंसठ रुपए प्रति किलोग्राम हो गए। टमाटर सौ रुपए



प्रतिकिलो या इससे ज्यादा भाव पर भी बिका। अन्य कई हरी सब्जियां भी आमतौर पर अस्सी या सौ रुपए प्रति किलो बिक रही हैं।

भोजन की थाली में सब्जियां एक तरह का संतुलन बनाती हैं। अब इनके लगातार महंगे बने रहने का असर दालों की कीमतों पर भी पड़ा है। सच यह है कि महंगाई एक दुश्चक्र की तरह लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और एक समय तात्कालिक कारणों से बाजार में उतार-चढ़ाव के तौर पर देखी जाने वाली स्थितियां अब आम रहने लगी हैं।

एक समय कई बार लोग कुछ समय तक समझौता करके महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। लेकिन अब महंगाई में निरंतरता की वजह से संतुलित भोजन पहुंच से बाहर हो रहा है। एक ओर, रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने के लिए कुछ कदम उठाता रहता है, तो दूसरी ओर सरकार आए दिन लोगों को भरोसा देती रहती है। हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों से रोजी-रोजगार की फिक्र में लोग यह भी भूलते जा रहे हैं कि उनकी थाली में न्यूनतम चीजें क्या-क्या होनी चाहिए। ज्यादातर लोगों की आय में कमी होने या काम-धंधे में मंदी की स्थिति कायम रहने की वजह से उनकी क्रयशक्ति लगातार सिकुड़ती गई है।

कई मामलों में सामान की खरीदारी में कटौती की आंच अब थाली तक भी पहुंच चुकी है। यह एक दुखद स्थिति है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने का दावा करने के क्रम में इस पक्ष की अनदेखी की जा रही है कि लोग जीने के लिए जो भोजन कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें कितना सोचना पड़ रहा है। हालत यह है कि निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए भी खाने-पीने के सामान की कीमतें पहुंच से बाहर हो रही

# 23 करोड़ का भैंसा, हर दिन खाता 1500 का काजू-बादाम

## जरा हट के

राजस्थान के अजमेर से 15 किलोमीटर की दूरी पर लगने वाले अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले की शुरुआत हो चुकी है. यह मेला 9 से 15 नवंबर तक चलेगा. इस मेले में अलग-अलग प्रजातियों के पशु खरीद-ब्रिकी के लिए आए हुए हैं. लेकिन इस बार इस मेले में हरियाणा के सिरसा से आया "अनमोल" नाम का भैंसा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. इस भैंसें को देखने के लिए दूर दराज से काफी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं.

"अनमोल" के मालिक पलविंदर सिंह ने लोकल 18 को बताया कि यह मुर्रा नस्ल का भैंसा है. और इसकी उम्र 8 साल है. इसके खाने पर प्रतिदिन करीब 1500 रुपये खर्च होते हैं. यह सिर्फ फल, काजू, बादाम खाता है.

पलविंदर सिंह ने बताया कि यूपी में अनमोल की कीमत 23 करोड़ रुपये लग चुकी है. पुष्कर में भी उनसे कई लोग इस भैंसे को



खरीदने की पेशकश कर चुके हैं. उन्होंने बताया कि "अनमोल" मुर्रा नस्ल का शुद्ध भैंसा है , इसलिए उसकी कीमत अधिक है. वह इसे भाई जैसा मानते हैं और भाई को कभी बेचा नहीं जाता. अनमोल उनके परिवार का हिस्सा है इसलिए वह कभी नहीं बेचेंगे. वह सिर्फ अनमोल का सीमन बेचते हैं ताकि भैंसों की नस्ल को सुधार सके.

### पुष्कर मेले की एक मात्र शान

पलविंदर ने बताया कि पुष्कर मेले में वैसे तो कई प्रजातियों के पशु आए हुए हैं, लेकिन मेले में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र उनका अनमोल बना हुआ है. इसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग आ रहे हैं और इसके साथ फोटो ले रहे है.

पुष्कर का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन अजमेर रेलवे स्टेशन है, जो यहां से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. अजमेर से आप पुष्कर बस या टैक्सी से आसानी से पहुंच सकते हैं. हवाई यात्रा के लिए सबसे नजदीकी हवाई अड्डा किशनगढ़ हवाई अड्डा है जो पुष्कर से 65 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुष्कर से 150 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, यह देश के अन्य हवाई अड्डों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है.

# मूंगफली की सब्जी

खाना-खजाना

मूंगफली के दानों से बनी सब्जी ना केवल टेस्टी लगेगी बल्कि प्रोटीन से भी भरपूर होगी और बच्चे-बड़े सब खा लेंगे। तो चलिए जानें कैसे बनाएं मूंगफली की सब्जी। नोट कर लें रेसिपी।

**सामग्री:**

- एक कप मूंगफली के दानें
- भुनी मूंगफली एक चौथाई कप
- दो टमाटर
- एक प्याज
- दो हरी मिर्च
- धनिया के पत्ते
- फूल चक्र एक
- तेजपत्ता
- दालचीनी का छोटा टुकड़ा
- इलायची दो
- देसी घी एक चम्मच
- नमक
- तेल
- जीरा आधा चम्मच
- अदरक-लहसुन का पेस्ट एक चम्मच
- लाल मिर्च
- हल्दी पाउडर
- किचन किंग मसाला
- कसूरी मेथी
- दही आधा कप



**विधि :**

सबसे पहले किसी कूकर में मूंगफली को डालें। साथ में प्याज, टमाटर को काटकर डाल दें। पानी डालें और एक चम्मच देसी घी डाल दें। दालचीनी, तेजपत्ता, काली मिर्च, चक्र फूल जैसे खड़े मसाले डालें। और हरी मिर्च डालकर ढक्कन बंद कर दें। दो से तीन सीटी में मूंगफली पक जाएगी। गैस की फ्लेम को बंद कर दें। अब भुनी मूंगफली को पीसकर पाउडर बना लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और जीरा चटकाएं, साथ ही अदरक-लहसुन का पेस्ट, हल्दी, किचनकिंग मसाला और लाल मिर्ची डालकर भूनें। तेल में फौरन दही डाल कर चलाएं। साथ में कसूरी मेथी डालकर मिक्स करें और भुनी मूंगफली का पाउडर डालकर चलाएं। एक बार ये भुन जाए तो कूकर में तैयार पकी मूंगफली को मिलाकर चलाएं। आखिरी में थोड़ा सा मसाला डालकर गैस की फ्लेम बंद कर दें। रेडी है टेस्टी प्रोटीन से भरपूर मूंगफली की सब्जी।

# ज्यादातर भारतीय खा रहे हैं तय मात्रा से दोगुना अधिक नमक

- **जानिए क्या हो सकते हैं इसके नुकसान**
- **कितना नमक खाना सेहत के लिए ठीक है?**

हाई सोडियम (नमक) वाली चीजों को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि नमक वाली चीजों के अधिक सेवन के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है जिसे हृदय रोगों का प्रमुख कारण माना जाता है। पर इसके नुकसान सिर्फ हृदय रोगों तक ही सीमित नहीं हैं, ये आदत आपमें किडनी की बीमारी, हड्डियों की कमजोरी को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यानी शरीर को स्वस्थ और फिट रखना है तो आहार में नमक की मात्रा कम करना बहुत जरूरी है। ज्यादा नमक खाने के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और इससे बचाव के लिए सबसे पहले ये जानना जरूरी है कि हमें कितनी मात्रा में नमक खाना चाहिए? और कितना नमक नुकसानदायक हो सकता है।

एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में ज्यादातर लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुशंसित मात्रा से दो-तीन गुना अधिक नमक खाते हैं। कहीं आप भी तो बहुत अधिक नमक का सेवन नहीं कर रहे हैं?

डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत के लिए वयस्कों को दिनभर में 4-5 ग्राम से अधिक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। ये मात्रा एक चम्मच नमक के बराबर है।यहां समझना जरूरी है कि नमक के सेवन का मतलब सिर्फ भोजन में डालने वाले नमक





### बढ़ता जा रहा है हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट कहती है, हर चार में से एक व्यक्ति हाइपरटेंशन का शिकार हो सकता है। हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर को हृदय रोगों के लिए प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है। डॉक्टर कहते हैं, आहार में नमक की मात्रा कम करके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखा जा सकता है। इस एक आदत में सुधार करके आप हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचे रह सकते हैं।
स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि ज्यादातर लोग भोजन में तो नमक कम कर लेते हैं पर 70 प्रतिशत नमक की मात्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और चिप्स-नमकीन जैसी चीजों में हो सकती है, जिससे अधिकतर लोग अनजान होते हैं।

से नहीं है। चिप्स, नमकीन, पैक्ड फू*, जंक फूड आदि में भी नमक की अधिक मात्रा होती है। इन सभी चीजों को मिलाकर एक दिन में एक टेबलस्पून से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए।

### भारत में नमक की खपत अधिक

इसी साल मई में प्रकाशित डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट में चिंता जताते हुए विशेषज्ञों ने कहा था कि भारतीय लोग तय मात्रा से बहुत अधिक नमक का सेवन करते हैं। रिपोर्ट में भारत को अत्यधिक नमक की खपत वाले शीर्ष 50 देशों में रखा गया है। स्वस्थ शरीर के लिए आदर्श मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 5 ग्राम तक है, जबकि ज्यादातर लोग प्रतिदिन 11 ग्राम से अधिक नमक खाते हैं। सोडियम वाली चीजों के अधिक सेवन के कारण हृदय रोग, गैस्ट्रिक कैंसर, मोटापा, ऑस्टियोपोरोसिस और गुर्दे की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृषभ** मान बढ़ेगा व्यवसाय ठीक चलेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मिथुन** : यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** : वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कन्या** : यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। नए अनुबंध होंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है।

**तुला** : वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक** : दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें।

**धनु** : व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। राजकीय काम बनेंगे। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मकर** : प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

**कुंभ** : व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

**मीन** : राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# चूहे घर से जाने का नाम नहीं ले रहे तो कोनों में रखें ये गोली



### एक बार में ही भाग जाएंगे

घर में चूहे आने की समस्या भी काफी ज्यादा होती है। अक्सर बाहर की नालियों से चूहे घर में घुस जाते हैं और आतंक मचाते हैं। छोटे साइज के चूहे तो सामान और कपड़ों का ही नुकसान करते हैं, वहीं बड़े साइज के चूहे अक्सर खाने-पीने का नुकसान ज्यादा करते हैं और अक्सर रात के वक्त घर में घुस जाते हैं। अगर आप बार-बार चूहों के आने से परेशान हो गई हैं तो घर के कोनों और दरवाजों पर इस गोली को बना कर रख दें। फिर कभी चूहे लौटकर नहीं आएंगे। जानें कैसे बनाएं गोली।

### चूहों को भगाने वाली गोली कैसे बनाएं

घर से चूहों को भगाना चाहती हैं तो आटे से गोली बना लें। जिसे खाने के बाद चूहे घर में बिल्कुल भी नहीं रुकेंगे और फौरन भाग जाएंगे। इस गोली को बनाने के लिए बस इन चीजों की जरूरत होगी। किसी बाउल में दो से तीन चम्मच आटा लें। उसमे दो से तीन चम्मच गुड़ या चीनी मिला लें। अब एक चम्मच नमक और एक चम्मच बेकिंग सोडा डालकर पानी मिलाएं और आटे की तरह गूंथ लें।

किसी खराब और पुराने सेल या बैटरी को लेकर फोड़ लें। उसमे से निकले काले पाउडर को किसी कागज पर रख लें। अब तैयार किए हुए आटे की छोटी लोई लेकर उसमे ये काला पाउडर रखें और गोली तैयार कर लें। इसी तरह से सारी गोली तैयार कर लें। इन गोलियों को जिन दरवाजों से चूहे आते हों उसके आसपास रखें। खाते ही चूहे घर से भाग जाएंगे।

ध्यान रहे कि ये आटे की गोली किसी बर्तन में ना बनाएं और ना ही किसी बच्चे के हाथ लगने दें। साथ ही खाने-पीने की चीजों से भी दूर रखें।

# जिम से पहले करवा लें मेडिकल टेस्ट

बॉडी टाइप और हेल्थ कंडीशन के अनुसार हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग एक्सरसाइज होती है। जिसके बारे में पता ना होने पर सेहत को फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। अगर आप खुद को फिट और बॉडी शेप को परफेक्ट बनाए रखने के लिए जल्द ही घर के नजदीक खुले किसी जिम को ज्वाइन करने का मन बना रहे हैं तो उससे पहले अपने कुछ मेडिकल टेस्ट जरूर करवा लें।

### बॉडी टाइप से जानें कौन सा वर्कआउट करेगा सूट

### ब्लड प्रेशर टेस्ट

जिम ज्वाइन करने से पहले हर व्यक्ति को अपना ब्लड प्रेशर जरूर टेस्ट कर लेना चाहिए। इस टेस्ट में शरीर में हाइपरटेंशन या लो ब्लड प्रेशर की जांच की जाती है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण वर्कआउट के दौरान दिल से जुड़ी समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है, जबकि लो ब्लड प्रेशर से चक्कर आना या बेहोशी की समस्या हो सकती है।

### थायराइड टेस्ट

थायराइड कम या ज्यादा होने पर शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में थायराइड प्रोफाइल टेस्ट आपके शरीर में



थायराइड फंक्शन का आकलन करता है, जो मेटाबॉलिज्म और एनर्जी के स्तर को कंट्रोल करता है। थायराइड असंतुलन की पहचान करने से आपके वर्कआउट को सही करने और इसके कारण होने वाली समस्याओं से बचने में मदद करता है।

### कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट

कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट या हृदय तनाव परीक्षण के दौरान, दिल की धड़कन की जानकारी मिलती है। इस परीक्षण के दौरान, हृदय को तेज गति से पंप करने के लिए ट्रेडमिल पर चलना या साइकिल चलाना होता है।

### आयरन टेस्ट

शरीर में आयरन की कमी होने पर व्यक्ति को जल्दी थकान और कमजोरी महसूस होने लगती है। मांसपेशियों तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए आयरन जरूरी होता है। जिम में वर्कआउट के दौरान शरीर को ताकत की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आयरन लेवल कम होगा तो व्यक्ति को जल्दी थकान महसूस होने लगेगी।

### विटामिन डी टेस्ट

बॉडी में विटामिन डी की कमी होने पर हड्डियों में दर्द की समस्या बनी रहती है। जिसकी वजह से एक्सरसाइज के दौरान हड्डियों में फ्रैक्चर या मांसपेशियों में दर्द का खतरा हो सकता है। इससे बचने के लिए जिम जाने से पहले अपना विटामिन डी का टेस्ट जरूर करवा लें।

### लिपिड प्रोफाइल

लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कोलेस्ट्रॉल के स्तर को मापने के लिए करवाया जाता है। एक्सरसाइज के दौरान कोलेस्ट्रॉल

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा ने फांसी लगाई

**उरई.** उरई जिले के मोहल्ला गणेशगंज में शनिवार देर शाम को बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा ने अपनी मां को व्हाट्सएप पर यह आखरी मैसेज करके फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। छात्रा की मां ने जिम ट्रेनर और उसके दो साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है जिसकी जांच पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी स्वर्गीय महेश की बेटी स्नेहा उर्फ जिया 19 वर्ष बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा थी और मां रानी के साथ घर को संभालने के लिए वह इलाहाबाद बैंक पीली कोठी के पास के न्यू वायरलेस जिम में रिसेप्शनिस्ट का काम भी करती थी। जिसने शनिवार देर शाम को अपने घर के कमरे में चादर का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली।

### दबंग ने पेड़ से बांधकर युवक को बेल्ट से पीटा, बीवी से चुगली करने का आरोप, वीडियो वायरल

**प्रतापगढ़.** यूपी के प्रतापगढ़ में एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। जंगल के बीच युवक के दोनों हाथ पीछे की ओर पेड़ से बांधकर एक दबंग बेल्ट से पिटाई की गई। जान बचाने के लिए युवक गिड़गिड़ाता रहा लेकिन पिटाई करने वाले को रहम नहीं आई। गांव के लोग दूर खड़े होकर पिटाई देखते रहे लेकिन दबंग के खौफ से किसी ने बीच बचाव के लिए हिम्मत नहीं जुटाई। जानकारी के मुताबिक घर पर चुगली करने से नाराज दबंग ने ये कदम उठाया। उधर इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा बाजार से 10 किलोमीटर दूर रायबरेली के सई नदी किनारे जंगल है। अठेहा निवासी निवासी दबंग परिवार के ही युवक को अपने एक साथी की मदद से रायबरेली जिले में स्थित जंगल में ले गया। वहां युवक के दोनों हाथ पीछे की ओर एक पेड़ से बांध दिया। इसके बाद चुगली करने का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई करने लगा।

### लखनऊ में फिर बुलडोजर ऐक्शन

यूपी की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर बुलडोजर ऐक्शन हुआ है। यहां अवैध बताए जा रहे कैसरबाग के एक निर्माणाधीन अवैध कॉम्प्लेक्स को ध्वस्त कर दिया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) ने रविवार को शहर में अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया है। आरोप है कि इस इमारत में नीचे के दो फ्लोर का बेसमेंट तैयार किया गया रहा था। इसे अवैध माना गया। उधर, कार्तिक शुक्ल नवमी के पर्व पर परम्परागत रूप से होने वाली 14 कोसी परिक्रमा शनिवार की शाम से लेकर रविवार की सुबह तक अनवरत चलती रही। इस परिक्रमा में देश भर के तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई इस परिक्रमा में आए श्रद्धालुओं में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उल्लास दिखाई दी। इस दौरान हर आयु वर्ग के बाल-वृद्ध शामिल रहे। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि एलआईयू की सुबह 4:00 बजे तक की रिपोर्ट के आधार पर 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी परिक्रमा पूरी कर ली थी। अपडेट रिपोर्ट आने के बाद यह संख्या बढ़ सकती है।

### आगरा एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, दुल्हन के भाई की मौत, चार घायल

**आगरा.** आगरा एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात मैगी खाकर घर लौट रहे कृषि विभाग कर्मी के बेटे की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हुई। रविवार को युवकी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए दोस्त आए थे। देर रात सभी लोग घूमने के लिए निकले थे। हादसे में एक युवती समेत चार लोग भी घायल हुए हैं। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद ने बताया कि आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा 296 के पास देर रात सड़क किनारे खड़े कंटेनर में एस-क्रास कार टकरा गई। हादसे में डॉक्टरखेड़ा निवासी आयुष दीपक (24) की मौके पर मौत हो गई। कार में आयुष के साथ उसकी महिला मित्र और तीन दोस्त थे। जिन्हें केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आयुष के पिता कृषि विभाग में तैनात है। रविवार को आयुष की बहन वर्षा की शादी है। जिसमें शामिल होने के आयुष के दोस्त और रिश्तेदार आए थे। रात में सभी लोग मैगी खाकर लौट रहे थे।

# MVA ने जारी किया 100 दिन का एजेंडा

## महिलाओं को 3 हजार देने से लेकर मुफ्त स्वास्थ्य बीमा के वादे

**मुंबई.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सत्ता में आने पर राज्य में जाति जनगणना लागू करने का संकल्प लिया है. एमवीए का चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए, खड़गे ने मौजूदा 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को बढ़ाने की भी योजना की घोषणा की. खड़गे ने एमवीए के घोषणापत्र को समावेशी और भागीदारीपूर्ण बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र में महायुति को हराकर एमवीए का समर्थन करना राज्य में स्थिरता और अच्छे शासन के लिए आवश्यक है.

महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं के तहत महालक्ष्मी योजना के तहत प्रति माह 3,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा. महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त होगी. सालाना 500 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से छह गैस सिलेंडर प्रदान किए जाएंगे. महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए 'निर्भय महाराष्ट्र' नीति तैयार की जाएगी और 'शक्ति' कानून लागू किया जाएगा. 9 से 16 वर्ष की सभी लड़कियों को मुफ्त गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के टीके दिए जाएंगे. महिला कर्मचारियों को मासिक धर्म के दौरान दो वैकल्पिक अवकाश प्रदान किए जाएंगे. स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए एक अलग विभाग स्थापित किया जाएगा. बच्चों के कल्याण के लिए एक समर्पित मंत्रालय का गठन किया जाएगा. 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर लड़कियों को 1,00,000 रुपये की राशि दी जाएगी.

### किसानों और कृषि क्षेत्र

किसानों के लिए 3,00,000 रुपये तक का ऋण माफ किया जाएगा और नियमित ऋण चुकाने पर 50,000 रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा. किसान आत्महत्या से प्रभावित परिवारों की विधवाओं और बच्चों के लिए मौजूदा योजनाओं की समीक्षा की जाएगी




और समर्थन प्रदान किया जाएगा. न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है और फसल बीमा योजना को सरल बनाया जाएगा.

### युवा और शिक्षा

शिक्षित बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमाधारकों को प्रति माह 4,000 रुपये तक का भत्ता दिया जाएगा. राज्य सरकार में 2,50,000 पदों की भर्ती की जाएगी. युवाओं के कल्याण के लिए 'युवा आयोग' का गठन किया जाएगा. बार्टी, महाज्योति और सारथी योजनाओं के तहत दी जाने वाली छात्रवृत्ति को दोगुना किया जाएगा. महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की परीक्षा की समय-सारणी घोषित की जाएगी और परिणाम 45 दिनों के भीतर घोषित किए जाएंगे. सभी सरकारी परीक्षाओं के लिए एकीकृत स्मार्ट कार्ड प्रदान किया जाएगा और पूरे वर्ष एक ही परीक्षा शुल्क में सभी परीक्षाएं दी जा सकेंगी.

### स्वास्थ्य सेवाएं

महात्मा फुले जन आरोग्य योजना का विस्तार किया जाएगा ताकि सभी बीमारियों और दुर्घटनाओं को शामिल किया जा सके. विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की समीक्षा की जाएगी और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

### उद्योग और व्यवसाय

नई औद्योगिक नीति बनाई जाएगी और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक समर्पित मंत्रालय का गठन किया जाएगा. छोटे दुकानदारों और व्यवसायों को घरेलू बिजली दरों पर शुल्क लगाया जाएगा.

### सामाजिक न्याय

महाराष्ट्र में जाति आधारित जनगणना की जाएगी. अनुसूचित जाति और जनजाति विभागों के लिए आवंटित बजट के समयबद्ध उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक कानून बनाया जाएगा. विभिन्न सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले नए निगमों को तुरंत 100 करोड़ रुपये की प्रारंभिक निधि मिलेगी. संगठित और असंगठित सफाईकर्मियों के लिए एक कल्याण निगम स्थापित किया जाएगा. संजय गांधी निराधार योजना की आय सीमा 21,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये की जाएगी और लाभ राशि को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह किया जाएगा.

### जनकल्याण

आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल उपाय किए जाएंगे. 300 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट तक की बिजली माफ की जाएगी. उपभोक्ता विरोध के मद्देनजर प्रीपेड बिजली मीटर योजना की समीक्षा की जाएगी. सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी. वरिष्ठ कलाकारों के लिए मानदेय बढ़ाया जाएगा और शिव भोजन थाली केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी.

# अजित पवार बोले-बटेंगे तो कटेंगे नारा महाराष्ट्र में नहीं चलेगा

- **योगी के बयान का विरोध किया**
- **ये सब UP-झारखंड में चलता होगा**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी CM और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, 'बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड में चलता होगा, महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता। हमारा नारा है- सबका साथ सबका विकास।'

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झारखंड और महाराष्ट्र की रैलियों



में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' का नारा दे रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी चुनावी रैलियों में 'एक रहेंगे सेफ रहेंगे' का नारा दिया है।

पवार ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा- 'दूसरे राज्यों के भाजपा के मुख्यमंत्री तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसी बातें बोल जाते हैं। हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता।'

### शिवसेना बोली- अजित पवार इसका मतलब आगे समझेंगे

अजित पवार के बयान पर शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय निरूपम ने कहा- योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि अगर आप बिखर जाते हैं, तो कमजोर हो जाते हैं। अगर आप एकजुट रहते हैं, तो मजबूत रहते हैं। अजित दादा आज नहीं समझ रहे हैं, आगे समझ जाएंगे। 'बंटेंगे तो कटेंगे' ये लाइन बिल्कुल चलेगी। अजित दादा को समझना पड़ेगा।

### राहुल बोले- भाजपा बांटने की राजनीति करती है

भाजपा के नारे की न केवल अजित पवार बल्कि विपक्ष की ओर से भी आलोचना की गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने विशेष रूप से नारे की निंदा करते हुए कहा है कि यह एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास है।

# दिल्ली में कनाडाई दूतावास के बाहर प्रदर्शन

- **बैरिकेडिंग तोड़ी**
- **हिंदू-सिख ग्लोबल फोरम ने ब्रैम्पटन में मंदिर पर हुए हमले का विरोध किया**

**नई दिल्ली.** कनाडा के ब्रैम्पटन में 4 नवंबर को हिंदू मंदिर पर हमला हुआ था। इस घटना के विरोध में रविवार (10 नवंबर) को दिल्ली में कनाडाई दूतावास की ओर हिंदू सिख ग्लोबल फोरम के कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों में महिलाएं भी शामिल हुईं। इनमें कई वृद्ध भी थीं।

सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठनों और फोरम के कार्यकर्ताओं ने मंदिर पर हुए हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारी 'हिंदू और सिख एकजुट हैं' और 'भारतीय कनाडा में मंदिरों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे' लिखी तख्तियां लेकर पहुंचे थे।

दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दूतावास के बाहर बैरिकेडिंग की और कई सारे पुलिस के जवानों को तैनात किया। पुलिस ने दूतावास से पहले तीन मूर्ति मार्ग पर भी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोका। लेकिन लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया।

वहीं, हिंदू मंदिर पर हुए हमले मामले में कनाडाई पुलिस ने चार लोगों पकड़ा। इसमें सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के टॉप कार्यकर्ता इंद्रजीत गोसल को भी पकड़ा था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। सिख फॉर जस्टिस (SFJ) संगठन पर भारत में प्रतिबंध है।

# बुलडोजर न्याय बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं

- **जाते-जाते बड़ी बात कह गए CJI चंद्रचूड़**

**नई दिल्ली.** रिटायरमेंट से ठीक पहले लिखे गए चंद आखिरी फैसलों में से एक में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने बुलडोजर ऐक्शन पर बड़ी बात कही है। एक मामले में सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा है कि कानून के शासन के तहत बुलडोजर न्याय बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो आर्टिकल-300 ए के तहत संपत्ति के अधिकार की संवैधानिक मान्यता खत्म हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला छह नवंबर को ही पारित किया था, लेकिन पूरा जजमेंट शनिवार को अपलोड किया गया। यूपी में एक पत्रकार के घर को साल 2019 में तोड़े जाने के मामले को



लेकर कोर्ट ने फैसला दिया है।

'लाइव लॉ' के अनुसार, शनिवार को अपलोड किए गए पूरे फैसले में सीजेआई चंद्रचूड़ ने लिखा, "बुलडोजर के जरिए से न्याय किसी भी सभ्य व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। इस बात का गंभीर खतरा है कि अगर राज्य के किसी भी अधिकारी द्वारा मनमानी और गैरकानूनी व्यवहार की अनुमति दी जाती है तो जनता की संपत्तियों को प्रतिशोध के चलते ध्वस्त कर दिया जाएगा। नागरिकों की आवाज को उनकी संपत्तियों और घरों को नष्ट करने की धमकी देकर नहीं दबाया जा सकता। एक इंसान के पास जो अंतिम सुरक्षा होती है, वह उसका घर है। कानून निस्संदेह सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को उचित नहीं ठहराता है।₹

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने पाया कि घर को उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना गिराया गया था। कोर्ट ने यूपी सरकार पर याचिकाकर्ता को 25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। इसके अलावा, घर गिराने के पीछे के जिम्मेदार अफसरों पर भी ऐक्शन लिए जाने के लिए कोर्ट ने बोला है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की एक और बेंच बुलडोजर मामलों की सुनवाई कर रही है। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने 17 सितंबर को देशभर में बुलडोजर से होने वाली धवस्तीकरण पर रोक लगाने का आदेश पारित किया था। हालांकि, इसमें अतिक्रमण के मामले लागू नहीं होते हैं। उनपर कार्रवाई की जा सकती है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का जो फैसला शनिवार को अपलोड हुआ है, वह पत्रकार मनोज टिबेरवाल आकाश की एक शिकायत के आधार पर है। उनका घर यूपी के महराजगंज जिले में साल 2019 में बुलडोजर कार्रवाई में धवस्त कर दिया गया था।

# बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में साउथ 24 परगना में भाजपा ऑफिस में काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। उसका शव शुक्रवार को पार्टी ऑफिस में मिला। मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि मृतक पृथ्वीराज नास्कर बंगाल भाजपा की सोशल मीडिया संयोजक थे। उनकी हत्या धारदार हथियार से की गई। उनके शरीर पर कई निशान हैं। मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पृथ्वीराज के पिता ने कहा- मेरा बेटे ने कुछ दिन पहले ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले में विरोध प्रदर्शन किया था। इसे लेकर स्थानीय TMC नेताओं ने उसे धमकी दी थी। TMC नेताओं ने कहा था कि इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। उधर, बंगाल भाजपा ने पृथवीराज नास्कर की हत्या का आरोप TMC पर लगाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा- TMC साउथ 24 परगना के भाजपा समर्थकों को डराना चाहते हैं। भाजपा CM ममता के खूनी और दमनकारी शासन को खत्म करेगी।

# एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजें 60-70% सस्ती मिलेंगी

- **200 में मिलने वाली चाय 60 रु. में ले सकेंगे**
- **इकोनॉमी जोन में 200 पैसेंजर्स की क्षमता**

**नई दिल्ली.** एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजें किफायती दाम पर भी मिलेंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) इसके लिए हवाई अड्डों पर किफायती जोन अनिवार्य करने जा रहा है। यानी हर एयरपोर्ट पर कुछ स्थान किफायती जोन के रूप में आरक्षित होगा, जहां यात्री सस्ते में खाने-पीने का सामान खरीद सकेंगे। एएआई के अधिकारियों का कहना है कि इन आउटलेट्स पर खाने-पीने का सामान लगभग 60-70 फीसदी तक सस्ता मिलेगा। अभी एयरपोर्ट पर एक चाय लगभग 125-200 रुपए तक की मिलती है, लेकिन किफायती जोन में यह 50-60 रु. के बीच मिल सकेगी। हां, इतना जरूर है कि महंगे रेस्तरां की तरह सर्विस और क्वांटिटी का अंतर होगा। यानी बैठने की जगह स्टैंडिंग टेबल लगी होगी। छोटे कप या गिलास में चाय दी जाएगी। फुल मील की जगह कॉम्पैक्ट मील होगा। पैकिंग की बेसिक क्वालिटी में सामान उपलब्ध होगा।

### एविएशन मिनिस्टर ने अधिकारी से कहा- यात्रा में 7 घंटे तक लगते हैं

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है, लंबे समय से यात्री और हर राज्य के जनप्रतिनिधि शिकायत करते रहे हैं कि एयरपोर्ट पर खाने-पीने का सामान इतना महंगा होता है कि आम यात्री नहीं खरीद पाते।

सामान्य यात्रियों को घर से एयरपोर्ट पहुंचने और फिर यात्रा पूरी करके गंतव्य तक पहुंचने में लगभग छह से सात घंटे का औसत समय लगता है। चूंकि एयरपोर्ट और विमान दोनों ही जगह ऐसी हैं जहां यात्री चाय-पानी या भोजन कर सकता है। मगर कीमतें इतनी ज्यादा होती हैं कि लोग कुछ खाने-पीने से ज्यादा भूखा रहना ही बेहतर मानते हैं।

# टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी

- **BCCI ने सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की**
- **टीम अपने मैच दुबई में खेलना चाहती है**

भारतीय टीम अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को भेजे गए एक लेटर में अपने फैसले के पीछे सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया है। बोर्ड ने अपने सभी मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है।



इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा, यह हमारा फैसला है। हमने PCB को लेटर लिखकर अपने मैच दुबई में कराने को कहा है। चैंपियंस ट्रॉफी ड्राफ्ट शेड्यूल के मुताबिक अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। इस इवेंट के मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में हो सकते हैं।

### मुंबई में आतंकी हमले के कारण 16 साल से पाकिस्तान नहीं गया भारत

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें ICC और ACC के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं।

### पिछले साल ODI वर्ल्ड कप खेलने भारत आया था पाकिस्तान

पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

### भारत-पाकिस्तान आखिरी द्विपक्षीय सीरीज...

भारत का पाकिस्तान दौरा टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे।

# गडकरी बोले- पार्टी में बाहर से आ रहे लोगों को ट्रेनिंग दी जानी चाहिए

- **फसल बढ़ने पर बीमारियां भी बढ़ती हैं**
- **कीटनाशकों का छिड़काव जरूरी**

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग के 11 दिन पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बागियों को लेकर बयान दिया है। गडकरी से शनिवार को एक इंटरव्यू में बागियों के भाजपा जॉइन करने को लेकर सवाल किया गया था। इसके जवाब में गडकरी ने कहा-

भाजपा का तेजी से विस्तार हो रहा है। जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, उसके साथ बीमारियां भी बढ़ती हैं। भाजपा के पास बहुत सारी फसलें हैं, जो अच्छी पैदावार देती हैं, लेकिन कुछ बीमारियां भी लाती हैं। इसलिए हमें ऐसी बीमार फसलों पर कीटनाशकों का छिड़काव करना होगा।

गडकरी ने कहा कि भाजपा में अलग-अलग कारणों से नए लोग आ रहे हैं। उन्हें ट्रेनिंग देना, विचारधारा के बारे में बताना और कार्यकर्ता बनाना हमारी जिम्मेदारी



है। एक हजार कार्यकर्ता खड़े होते हैं, लेकिन कभी-कभी एक कार्यकर्ता कुछ कह देता है और उन हजार कार्यकर्ताओं की मेहनत खराब हो जाती है।

### गडकरी बोले- मेरी महाराष्ट्र में कोई भूमिका नहीं

गडकरी से सवाल किया गया कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में हार के बाद नड्डा और अमित शाह ने महाराष्ट्र भाजपा के नेताओं के साथ कई बैठकें कीं, लेकिन इन बैठकों में वे मौजूद नहीं थे। इस पर गडकरी ने कहा- मेरी महाराष्ट्र में कोई भूमिका नहीं है। यहां के नेता सक्षम हैं। उन्हें जब भी मेरी जरूरत होगी, मैं उपलब्ध रहूंगा।

गडकरी ने इंटरव्यू में आगे कहा कि सरकार और प्रशासन को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। कोई व्यक्ति कभी धर्मनिरपेक्ष हो या ना हो, लेकिन राज्य, सरकार और प्रशासन को धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। इसके अलावा गडकरी ने आर्वी में एक चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस पर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास न करने का आरोप लगाया।

गडकरी ने कहा- कांग्रेस ने कभी भी ग्रामीण भारत के विकास के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा। अगर ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दी जाती तो किसान आत्महत्या नहीं करते और गांवों में गरीबी नहीं होती।

# खड़गे बोले- योगी के मुंह में राम बगल में छुरी



**नागपुर.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नागपुर पहुंचे। उन्होंने भाजपा के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का जवाब देते हुए कहा- योगी के मुंह में राम है और बगल में छुरी है। योगी साधु की कपड़े में आते हैं और फिर बोलते हैं कि बटेंगे तो कटेंगे। बांटने वाले भी वो ही हैं और काटने वाले भी वो ही हैं। खड़गे ने कहा- इन्होंने हजारों साल पहले मनुस्मृति में बांटा और तब से काटते आ रहे हैं। मनुस्मृति में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और अतिशूद्र में बांटा। PM नरेंद्र मोदी बोलते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं। अगर मोदी को एक होकर सेफ होना है तो मनुस्मृति को जलाना होगा।

# किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़, अफसर शहीद

### तीन सैनिक घायल

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को आंतकवादियों के साथ सुरक्षाबलों की हुई मुठभेड़ में सेना का एक जेसीओ शहीद हो गया है, जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में दो ग्राम रक्षा गार्ड की हत्या करने के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल उस स्थान से कुछ किलोमीटर ही दूर है, जहां पर वीडीजी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार के गोलियों से छलनी शव मिले थे।

सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हमें आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर किश्तवाड़ के भारत रिज क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। यह वही आतंकी समूह था, जिसने दो निर्दोष ग्रामीणों (ग्राम रक्षा रक्षकों) का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी थी। उन्हें चुनौती दी गई और गोलीबारी शुरू हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में जेसीओ सहित सेना के चार जवान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत 'गंभीर' बताई गई। बाद में जेसीओ शहीद हो गए।

सेना ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि व्हाइट नाइट कोर के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) और सभी रैंक के जवान 2 पैरा (एसएफ) के बहादुर नायब सूबेदार राकेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। सूबेदार राकेश भारत रिज किश्तवाड़ के सामान्य क्षेत्र में शुरू किए गए संयुक्त सीआई (आतंकवाद विरोधी) अभियान का हिस्सा थे। हम दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

संक्षेप...

## मालवाहक वाहन में भीषण आग

**वसई.** मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय महामार्ग के मालजीपाडा इलाके में एक मालवाहक वाहन में भीषण आग लगने की घटना घटी है. यह मामला नाला ब्रिज के पास की है. घटना की सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों की टीम ने दो घंटे की अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया. मुंबई अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग वसई पूर्व से होकर गुजरता है. शनिवार सुबह करीब 11 बजे इस महामार्ग पर एक मालवाहक टेंपो जाम में फंस गया और उसमें आग लग गई. जैसे-जैसे आग की तीव्रता बढ़ती गई, वैसे-वैसे आग का धुआं हवा में उठता जा रहा था. इसके चलते आसपास के इलाके में धुआं फैल गया.

# महाराष्ट्र में BJP का संकल्प पत्र

## किसानों का कर्ज माफ | 25 लाख रोजगार | महिलाओं-वृद्धों को हर महीने 2100 रुपये का वादा

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी किया। गृह मंत्री शाह ने कहा कि महायुति की सरकार ने किसानों के सम्मान, गरीबों की मदद और महिलाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखने का काम किया है। आज जारी संकल्प पत्र महाराष्ट्र के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। भाजपा ने अपने 25 सूत्रीय संकल्प पत्र में किसानों, महिलाओं और युवाओं पर खासा फोकस किया है।



पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में वृद्धा पेंशन और महिलाओं को हर महीने मिलने वाली आर्थिक सहायता में वृद्धि का वादा किया है।

संकल्प पत्र जारी करते वक्त महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मौजूद रहे हैं।

### तुष्टीकरण वाली है MVA की राजनीति: अमित शाह

संकल्प पत्र को जारी करने के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाविकास अघाड़ी की राजनीति तुष्टिकरण वाली है। बनावटी मुद्दे लंबे समय तक नहीं टिकते हैं। एमवीए की घोषणाएं सत्ता के लालच के लिए हैं। भाजपा का घोषणा पत्र लोगों के उम्मीदों का संकल्प है। हमारा संकल्प पत्र पत्थर पर खिंची लकीर है। महाविकास अघाड़ी का चुनाव अभियान आपसी विरोध से घिरा है।

विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह संकल्प पत्र विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। यह महाराष्ट्र के पूर्व विकास का संकल्प पत्र हैं। हम प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर मतदान है। 23 नवंबर को मतगणना होगी। भाजपा इस चुनाव में महायुति गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में है। बीजेपी महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना और अजित पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ रही है।

## ठाणे में 13 को सामूहिक तुलसी विवाह

**ठाणे.** थाना जिला माहेश्वरी महिला संगठन की तरफ से 13 नवंबर बुधवार को सामूहिक तुलसी विवाह का आयोजन किया गया है. जिसके तहत विवाह की विभिन्न रस्म पूरी की जाएगी.


थाना जिला माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष आरती जाजू के मुताबिक ठाणे के चरई स्थित माउली मंडल भवन में दोपहर गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा. जो रात तक अनवरत चलता रहेगा. दोपहर ढाई बजे से शाम 5 बजे तक विवाह नृत्य होगा. कल्याण की टीम सगाई डांस करेगी ,जबकि नवी मुंबई की टीम हल्दी एवं भिवंडी की महिला टीम मेंहदी की रश्म निभाएगी. डोंबिवली की महिलाएं मायरा नृत्य करेंगी. बारात शाम 4 बजे गणेश मंदिर से प्रस्थान करेगी.

# भिवंडी पश्चिम सीट पर उत्तर भारतीय वोटर निर्णायक

- चौगुले, विलास, आजमी, चोरघे, पठान के बीच जंग

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** 2014 से भाजपा के कब्जे में रही भिवंडी पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक महेश चौगुले, सपा से रियाज आजमी, महाविकास आघाड़ी से दयानंद चोरघे, एमआईएम से मुंबई से आए वारिस पठान के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव में भाग्य आजमा रहे मनपा पूर्व महापौर विलास आर पाटिल के बीच कांटे की भिड़ंत देखी जा रही है.पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 3 लाख 32 हजार हैं.पुरुष 1,89,643 महिला 143055, दिव्यांग 1209,16 सैनिक सहित 157 अन्य मतदाता है. धर्म, मजहब के अनुसार माने तो पश्चिम सीट पर करीब 55% मुस्लिम एवं 45% हिंदू मतदाता हैं.इसमें मुस्लिम वोटरों की बहुलता के साथ ही हिंदू वोटरों में विशेष रूप से आगरी मराठी, गुजराती मारवाड़ी, जैन, उत्तर भारतीय,कोंकणी मुस्लिम,दलित वोटरों का समावेश है.मुस्लिम बहुल सीट होने की वजह से इस सीट पर मुस्लिम एवं हिंदू, उत्तर भारतीय वोटर निर्णायक साबित होते आए हैं. विगत 5 वर्षों में भिवंडी पश्चिम सीट पर करीब 30 हजार वोटरों का इजाफा मतदाता सूची में दर्ज हुआ है जिसमें मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 60% के ऊपर बताई जाती है. हालांकि नए वोटरों का झुकाव किस पार्टी, उम्मीदवार की तरफ होता है यही मुख्य फैक्टर जीत-हार की दिशा को तय करेगा.



### समस्याओं से घिरी पश्चिम विधानसभा

ठाणे,कल्याण से मात्र 15 किमी दूर भिवंडी पश्चिम सीट विकास से कोसों दूर, ट्रैफिक जाम,अवैध फेरीवालों की समस्या,अवैध निर्माण, भिवंडी कल्याण मेट्रो निर्माण कार्य ठप्प,रेलवे कनेक्टिविटी से दूर,आरक्षित भूखंड पर अवैध कब्जा .मनपा उद्यान बदहाल, मार्केट की समुचित व्यवस्था नहीं, मंडई बाजार में पार्किंग सुविधा नदारद,10 वर्षों से शहर का एकमेव मीनाताई ठाकरे रंगायतन बंद, आईजीएम अस्पताल सहित मनपा स्वास्थ्य केंद्र बदहाल, जर्जर इमारतों का पुनर्विकास, डंपिंग ग्राउंड समस्या, खराब सड़कों,जल जमाव जैसी जनहित से जुड़ी तमाम भयंकर समस्या से नागरिक भारी परेशानी झेल रहे हैं .वर्षों बाद भी जनहित से जुड़े मुद्दे आज भी जस के तस बने हुए हैं . भाजपा राज में भी मूलभूत समस्याओं के समाधान की खातिर कोई सार्थक कार्य नहीं होने से वोटरों में नाराजगी देखी जा रही है .

गौरतलब हो कि, 2024 लोकसभा चुनाव में भिवंडी पश्चिम सीट से महाविकास आघाड़ी उम्मीदवार सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा को 1,08,358 वोट एवं भाजपा उम्मीदवार कपिल पाटिल को केवल 47,878 वोट पाकर संतोष करना पड़ा था.भिवंडी पश्चिम सीट से कुल 14 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं. चुनावी समर में भाग्य आजमा रहे प्रमुख उम्मीदवारों में भाजपा विधायक महेश प्रभाकर चौगुले, सपा से रियाज आजमी, कांग्रेस से दयानंद चोरघे, एमआईएम से वारिस पठान, मनसे से भरत पाटिल एवं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पूर्व महापौर विलास आर पाटिल चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं. लोकसभा चुनाव 2024 में महाविकास आघाड़ी उम्मीदवार सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने 4,99,464 यानी 39.85% मत प्राप्त किया था और भाजपा उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल को 4,33,343 मत अर्थात 34.57% मत मिले थे. सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने कपिल पाटिल को 66,121 मतों के अंतर से पराजित कर भिवंडी लोकसभा सांसद होने का गौरव हासिल किया है.भिवंडी पश्चिम सीट से बाल्या मामा को 1,08,358 वोट एवं भाजपा उम्मीदवार कपिल पाटिल को 47,878 वोट मिले थे. सांसद बाल्या मामा की जीत में भिवंडी पूर्व एवं पश्चिम सीट के वोटरों का भारी योगदान है.

# अजित पवार बोले-बटेंगे तो कटेंगे नारा महाराष्ट्र में नहीं चलेगा

- योगी के बयान का विरोध किया
- ये सब UP-झारखंड में चलता होगा

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी CM और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, 'बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड में चलता होगा, महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता। हमारा नारा है- सबका साथ सबका विकास।'

दरअसल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झारखंड और महाराष्ट्र की रैलियों में 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' का नारा दे रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी चुनावी रैलियों में 'एक रहेंगे सेफ रहेंगे' का नारा दिया है।



पवार ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा- 'दूसरे राज्यों के भाजपा के मुख्यमंत्री तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसी बातें बोल जाते हैं। हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता।'

अजित पवार के बयान पर शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता संजय निरूपम ने कहा- योगी आदित्यनाथ कह रहे हैं कि अगर आप बिखर जाते हैं, तो कमजोर हो जाते हैं। अगर आप एकजुट रहते हैं, तो मजबूत रहते हैं। अजित दादा आज नहीं समझ रहे हैं, आगे समझ जाएंगे। 'बंटेंगे तो कटेंगे' ये लाइन बिल्कुल चलेगी। अजित दादा को समझना पड़ेगा।

### राहुल बोले- भाजपा बांटने की राजनीति करती है

भाजपा के नारे की न केवल अजित पवार बल्कि विपक्ष की ओर से भी आलोचना की गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने विशेष रूप से नारे की निंदा करते हुए कहा है कि यह एक धर्म को दूसरे धर्म के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास है।

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने 2.37 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी

- 4 गिरफ्तार
- 594 ग्राम हेरोइन जब्त

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो करोड़ 37 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद की है। इसके साथ ही चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स सेल की कांदिवली यूनिट ने मलाड, मालवणी इलाके में कार्रवाई की है। उन्होंने इस कार्रवाई के दौरान चार ड्रग्स सप्लायर को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से 594 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। इस ड्रग्स की कीमत अंतराष्ट्रीय बजार में 2 करोड़ 37 लाख रुपये बताई जा रही है।




बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के रहने वाले हैं। मुंबई पुलिस अब ये पता लगाने में जुट गई है कि वह इस ड्रग्स को मुंबई में किसको सप्लाई करने वाले थे। ज्ञात हो कि एंटी नारकोटिक्स सेल ने पिछले 10 महीनों में 3 हजार 10 किलो ड्रग्स को जब्त किया था, जिसकी अंतराष्ट्रीय बजार में कीमत 55 करोड़ रुपये के बीच बताई गई। इसके अलावा एंटी नारकोटिक्स सेल ने 68 मामले दर्ज किए और 146 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। इससे पहले अगस्त माह में गुजरात एटीएस ने महाराष्ट्र से 800 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स बरामद की थी।

यह कार्रवाई सूरत में ड्रग फैक्ट्री के खुलासे के बाद की गई थी। गुजरात एटीएस की टीम ने मुंबई के भिवंडी में एक फ्लैट से 792 किलो लिक्विड एमडी ड्रग्स बरामद की थी। ड्रग्स की कीमत 800 करोड़ रुपये बताई गई थी।

आरोपियों में मोहम्मद यूनुस और मोहम्मद आदिल शामिल थे, जो पहले स्मगलिंग में भी शामिल थे। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने अक्टूबर में महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के मुताबिक, महाराष्ट्र में चुनाव एक चरण में संपन्न होगा। 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को चुनाव होना है, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

# मुंबई में वोटरों को दिया है छूट का बेहतरीन ऑफर

**मुंबई.** मतदाताओं को चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, चुनिंदा दुकानों, रेस्तरां और मल्टीप्लेक्स में अपनी स्याही लगे उंगलियों को दिखाने पर 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। यह पहल 20 नवंबर को निर्धारित महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए मतदाता मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से है। ट्रेडर संघों, मल्टीप्लेक्स मालिकों और रेस्तरां मालिकों के साथ चर्चा के बाद छूट पहल विकसित की गई थी। 'उत्सव निवडणुकीचा, अभिमान महाराष्ट्रचा' या 'चुनावों का त्योहार, महाराष्ट्र का गौरव' नामक अभियान को गेटवे ऑफ इंडिया पर लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम में चुनाव आयोग, मुंबई पुलिस और मनपा अधिकारियों के साथ-साथ अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर और क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे जैसी हस्तियां शामिल हुईं।

### जानें कहां मिल रही ये छूट

फेडरेशन ऑफ रिटेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन, मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने छूट देने पर सहमति व्यक्त की। PVR इनॉक्स, सिनेपोलिस, मिराज, स्टर्लिंग, मुक्ता, मूवीमैक्स और मूवी टाइम जैसी मल्टीप्लेक्स चेन 20 से 22 नवंबर तक मतदाताओं को 20 प्रतिशत की छूट प्रदान करेंगी।


### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि मैं **श्री विक्की जोगिंदरलाल गुलाटी** मालिक **गीता मेडिकल एंड जनरल स्टोर, शॉप नं. 1, सागर अपार्टमेंट, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास, गोल मैदान, उल्हासनगर- 421001.** यह मेडिकल स्टोर पिछले 38 वर्षों से चल रहा था जिसे अब मैं बंद करने जा रहा हूं। उपरोक्त मेडिकल की दुकान 1 दिसंबर 2024 से मैं इसे किराए पर देने जा रहा हूं। यह दुकान बंद करने से पहले मैंने पैसों का व्यवहार और स्टॉक का व्यवहार संबंधित लोगों से पूरा कर दिया है। इसके बावजूद अगर किसी भी व्यक्ति के पास श्री विक्की गुलाटी मालिक गीता मेडिकल एंड जनरल स्टोर से संबंधित व्यवहार बाकी है तो वो 30 नवंबर 2024 तक नीचे दिए गए पत्ते पर संपर्क करें अन्यथा दूसरी हालात में 30 नवंबर 2024 के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री विक्की जोगिंदरलाल गुलाटी**
गीता मेडिकल एंड स्टोर, शॉप नं. 1,
सागर अपार्टमेंट, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास,
गोल मैदान, उल्हासनगर- 421001.
फोन- 9822073738



# बेटी को लेकर प्रोटेक्टिव वरुण

वरुण धवन और नताशा दलाल जून में पैरेंट्स बने हैं। दोनों की प्यारी बेटी है। वरुण अपनी बेटी से बहुत प्यार करते हैं। अब उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह अपनी बेटी को लेकर काफी प्रोटेक्टिव भी हैं। उन्होंने बोला कि अगर कोई भी उनकी बेटी को थोड़ा भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी करेगा तो वह उसे मार देंगे।

दरअसल, हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया को दिए इंटरव्यू में वरुण ने कहा, 'मुझे लगता है कि जब कोई भी पैरेंट बनता है तो मां के लिए अलग एक्सपीरियंस होता है। मुझे लगता है वह शेरनी बन जाती है। लेकिन आदमी को लेकर मैं कहूंगा कि जब हम पैरेंट बनते हैं आप काफी प्रोटेक्टिव हो जाते हैं खासकर बेटी के लिए। लड़के के लिए भी ऐसा होता है, लेकिन लड़की को लेकर ऐसा होता है कि अगर कोई मेरी बेटी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा तो मैं उसे मार दूंगा। मैं इसको लेकर काफी सीरियस हूं। सच में मैं मार दूंगा।'

### अब समझे पिता डेविड को

वरुण ने आगे कहा, 'मुझे अब समझ आ रहा है कि मेरे पिता ज्यादा बेहतर थे। उनकी इनसिक्योरिटीज, उनका हाइपर बिहेवियर, उनकी जो एंजाइटी थी घर पर टाइम पर आओ की। उनका मेरी मां को कल करना। वह यही चाहते थे कि हम हमेशा साथ रहें। लेकिन मैं कभी नहीं समझता था। मैं बोलता था कि उन्हें दिक्कत क्या है। मैं बच्चा नहीं हूं तो क्यों वह मुझे हमेशा अपने पास रखना चाहते हैं। हालांकि अब क्योंकि मेरा भी बेबी हो गया है तो मैं समझ गया



# नाबालिग लड़के ने मां पर कर दिया चाकू से वार

- अस्पताल में चल रहा इलाज

**मुंबई.** चूनाभट्टी इलाके में एक गंभीर घटना घटी है, जहां घरेलू विवाद के चलते एक नाबालिग लड़के ने अपनी ही मां पर चाकू से वार कर दिया. घायल महिला को इलाज के लिए शिव के लोकमान्य तिलक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में चुन्नाभट्टी पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पंद्रह वर्षीय आरोपी लड़के को हिरासत में लिया है. उसे डोंगरी स्थित बाल गृह में भेज दिया गया है. अधिकारी ने बताया कि घायल महिला से घटना की जानकारी नहीं मिल पाई है क्योंकि वह बोलने के मूड में नहीं है. घटना शुक्रवार को चुन्नाभट्टी के स्वदेशी मिल रोड इलाके चाफेगल्ली में हुई. इस मामले में महिला पुलिस की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है. शिकायतकर्ता महिला पुलिस कांस्टेबल सुप्रिया बालासाहेब जाधव चुन्नाभट्टी पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं।

घटना वाले दिन सुबह 11:15 बजे वह चुन्नाभट्टी के चाफेगल्ली इलाके में गश्त पर थीं. इसी दौरान एक शख्स वहां आया और इलाके की एक महिला की गर्दन पर उसके ही नाबालिग बेटे ने धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. कहा कि उसे मदद की जरूरत है. तो सुप्रिया जाधव ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी और मौके पर पहुंचे.

इसी समय उक्त महिला स्वदेशी मिल रोड स्थित घर में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। उसकी गर्दन पर चाकू के गंभीर घाव थे. इसके बाद पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और महिला को शिव के लोकमान्य तिलक अस्पताल ले गई. वहां डॉक्टर उसे अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में ले गए। वहां उनका इलाज चल रहा है.

घायल महिला की हालत गंभीर है. डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि वह बोलने के मूड में नहीं थी क्योंकि उसकी गर्दन पर चाकू लगा था। लेकिन उन्होंने कहा कि हमला उनके बेटे ने किया है.




# केएम अग्रवाल महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**कल्याण.** के. एम.अग्रवाल महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के मार्गदर्शक रहे डॉ आर बी सिंह की श्रद्धांजलि सभा महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित की गई. जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ.आर बी सिंह के योगदानों को याद किया. राज्य के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने कहा कि डॉ.सिंह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे. उनकी कमी कभी भी पूरा नहीं हो पायेगी.

अग्रवाल महाविद्यालय में डॉ आर बी सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए कृपाशंकर सिंह के अलावा पूर्व सांसद हरबंस सिंह, राकां नेता प्रमोद हिंदूराव, पूर्व विधायक नरेंद्र पवार, अप्पा शिंदे, अनिल गलगली, रवि पाटिल, जयवंत भोईर, सदानंद बाबा तिवारी , विश्वनाथ दुबे, महेश दुबे, डॉ गिरीश लटके, महाविद्यालय के ट्रस्टी रमाशंकर चंदू तिवारी , वसंत देढिया, रमाकांत उपाध्याय, धनजी सोमाणी, राजू गवली, अनिल पंडित, ओमप्रकाश मुन्ना पांडेय, प्राचार्य डॉ अनीता मन्ना, डॉ अनघा राणे, डॉ संतोष कुलकर्णी, डॉ हरीश दूबे, चंदर पांडेय, विवेक सिंह, विजय तिवारी, डॉ महेश भिवंडीकर, मनोज पाटिल, महेंद्र राजपूत, अग्रवाल महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी, महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के तमाम पदाधिकारी, कल्याण डोंबिवली के गणमान्य लोग लगभग एक हजार लोग उपस्थित थे.




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099